C ANNUAL EXAMINATION MODEL QUESTION MARCH 2021

STD. X Third Language

Time : 90 minutes **HINDI** Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- पहले 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाएँ ध्यान से पढें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखने का समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- 1 से 31 तक के प्रश्नों केलिए अधिकतम अंक 40 है ।

Score

**सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 5 तक का उत्तर लिखें ।**

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया । दोनों छठी में आ गए । यह स्कूल पाँचवीं तक ही था । " साहिल अब तुम कहाँ पढोगे ?" बेला ने पूछा । " और तुम कहाँ पढोगी बेला ?" साहिल ने पूछा । " मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढाएँगे और तुम ? " " मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा। "

1. साहिल और बेला क्यों अलग हो रहे हैं ? 1
   (क) बेला दूसरा स्कूल जाना चाहती है। (ख) उनका स्कूल पाँचवीं तक ही था।
   (ग) साहिल अजमेर जाना चाहता है। (घ) उनकी मित्रता टूट गई है।
2. साहिल और बेला अब फुलेरा के स्कूल में नहीं पढ सकते । क्यों ? 2
3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। 4
4. बेला से बिछुडने के कारण साहिल बहुत दुखी था। उसके मन में अनेक विचार उभरे। **साहिल की** वह **डायरी** लिखें। 4
5. साहिल हॉस्टल में रहकर पढने लगा । वहाँ की खबरें जानने के लिए बेला अपने मित्र साहिल के नाम पत्र लिखती है । **बेला का** वह **पत्र** तैयार करें। 4

**सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता की पंक्तियाँ पढें और प्रश्न 6 से 9 तक के उत्तर लिखें ।**

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !

6. **' प्रवाह '**- का समानार्थी शब्द कवितांश से चुनकर लिखें। 1
   (क) इतिहास (ख) गति (ग) सहसा (घ) आश्रय
7. ' सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लेगी '– कब ? 1
8. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।** 2
   - झूठी पड जाती है। ( सहसा, इतिहासों की )
   - गति झूठी पड जाती है।
   - ---------------।
   - -------------------------- ।
9. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढें और प्रश्न 10 से 13 तक के उत्तर लिखें ।**

इस बीच राणा सा के कारिंदे कलाम के घर तलाशी लेने आते हैं और वहाँ कुँवर रणविजय की चीज़ों को पा कलाम पर चोरी का आरोप लगाते हैं। लेकिन कलाम फिर कलाम है। इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोडता। यह जानकर कि राणा कुँवर को उससे की दोस्ती की सज़ा देंगे, वह चोरी का इल्ज़ाम सह जाता है पर उन्हें अपनी दोस्ती के बारे में नहीं बताता। यहीं वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। और वह अकेला ही निकल पडता है। रास्ते में मुश्किलें हैं। लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मज़िल मिलती है।

10. **' हम नाम '**- शब्द का मतलब क्या है ? 1
    (क) अलग नाम का (ख) समान आयु का (ग) समान नाम का (घ) समान रूप का
11. ' लेकिन कलाम फिर कलाम है '- लेखक के इस प्रस्ताव पर अपना विचार लिखें। 2

12. चोरी का आरोप लगने पर छोटू चाय की थडी छोडकर भाग जाता है। अगले दिन के समाचार पत्रों में यह खबर आती है। इसपर **रपट** तैयार करें। 4

13. कलाम मित्र के साथ अपने पसंद के अनुसार स्कूल जाता है। स्कूल के पहले दिन के बारे में वह अपनी डायरी लिखता है। **कलाम का** वह **डायरी** कल्पना करके लिखें। 4

**सूचना : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी का यह अंश पढें और प्रश्न 14 से 17 तक के उत्तर लिखें।**

" व्यक्ति को नहीं जानता था, हताशा को जानता था " कहते ही वे " जानने " की हमारी उस जानी –पहचानी रूढी को तोड देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोडती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

14. **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।** 1

कवि व्यक्ति की मदद करते हैं। कवि व्यक्ति की मदद करेंगे।

कवयित्री व्यक्ति की मदद करती हैं। कवयित्री व्यक्ति की मदद -----।

15. मनुष्य को जानने केलिए हमें उसकी हताशा को जानना है। इससे आप कहाँ तक सहमत हैं? 2

16. यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की याद दिलाती है। **मनुष्यता** विषय पर **टिप्पणी** लिखें। 4

17. आप के स्कूल में **'अंगदान महादान'** विषय पर एक **संगोष्ठी** आयोजित किया है। इसकेलिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : ' सबसे बडा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढें और प्रश्न 18 से 22 तक के उत्तर लिखें।**

गाते–गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई। लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फुसफुसाहट ज़ारी थी। लोग चिल्लाने लगे। कहीं से कुछ लोग म्याऊं–म्याऊं की आवाज़ निकालने लगे। इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया। चार्ली को वह अकसर अपने साथ थिएटर ले जाती थी। उस दिन भी परदे के पीछे खडा वह आवाज़ के तमाशे को देख रहा था।

18. **सही विकल्प चुनकर लिखें।** 1

(क) वह + ने = इसने (ख) ये + ने = इसने (ग) यही + ने = इसने (घ) यह + ने = इसने

19. चार्ली परदे के पीछे खडा होकर आवाज़ के तमाशे को देख रहा था। यहाँ तमाशा क्या थी? 2

20. **'आवाज़ की खराबी, गायिका स्टेज से हट गई'**- पाठभाग के इस अंश के आधार पर इस शीर्षक पर **रपट** तैयार करें। 4

21. इस घटना का जिक्र करते हुए माँ अपनी सहेली के नाम पत्र लिखती है। **चार्ली की माँ का** वह **पत्र** तैयार करें। 4

22. **सही मिलान करके लिखें।** 4

| | |
|---|---|
| स्टेज पर गाते वक्त | यह तमाशा देख रहा था। |
| लोग शोर मचाने से | माइक में कुछ गडबडी हो गई है। |
| लोगों ने सोचा | माँ स्टेज से हट गई। |
| चार्ली परदे के पीछे खडे होकर | माँ की आवाज़ खराब हो गई। |

**सूचना : ' बसंत मेरे गाँव का 'लेख का यह अंश पढें और प्रश्न 23 से 26 तक के उत्तर लिखें।**

सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती हैं । पिछली शाम चुने गए फूल घरों की देहरियों पर सजाए जाते हैं । जिनके घरों में फूल सजाए जाते हैं वे बच्चों को चावल, गुड, दाल आदि देते हैं । दक्षिणा में मिली यह सामग्री पूरे इक्कीस दिन तक इकट्ठा की जाती है । फूलदेई की विदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है । अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है । इस आयोजन में बडों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है । बाकी सारे काम बच्चे करते हैं । उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बडा बच्चों का कोई दूसरा त्योहार नहीं है । उधर बच्चे फूलदेई के जश्न में शामिल होते हैं इधर बडे ढोल-ढमाऊ की थाप पर चैती गीत गाते हैं। इन गीतों में पांडवों की हिमालय यात्रा के किस्से होते हैं और पहाड के वीरों की शौर्य गाथाएँ भी शामिल होती हैं।

23. **सही वाक्य चुनकर लिखें।** 1

(क) बच्चियाँ फूल चुनने लगा। (ख) बच्चियाँ फूल चुनने लगे।

(ग) बच्चियाँ फूल चुनने लगी। (घ) बच्चियाँ फूल चुनने लगीं।

24. फूलदेई त्यौहार में गाए जानेवाले चैती गीत में किन-किन के किस्से होते हैं? 1

25. उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई को बच्चों को सबसे बडा त्यौहार मानते हैं। क्यों ? 2

26. फूलदेई त्योहार का विवरण करते हुए उसमें भाग लेनेवाला एक लडका अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। **लडके का** वह **पत्र** लिखें। 4

**सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 27 से 29 तक के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| गंगी झुकी कि घडे को पकडकर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया। शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई। रस्सी के साथ घडा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं। ठाकुर ' कौन है, कौन है ?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है। |

27. गंगी रस्सी छोडकर क्यों भाग गई ? 1

(क) अपने पति से जल्दी मिलने की इच्छा से। (ख) ठाकुर द्वारा पकडे जाने के डर से।
(ग) कुएँ का पानी गंदा होने से। (घ) कुएँ से पानी मिलने से।

28. जोखू ने गंदा पानी पीने का निश्चय क्यों किया ? 2

29. **वार्तालाप को आगे बढाएँ।** 4

गंगी – बापरे ! आप यह क्या कर रहे हैं ?
जोखू – फिर मैं क्या करूँ गंगी ? प्यास के मारे गला सूख गया है।
------- - --------------------------------

**सूचना : ' गुठली तो पराई है ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 30 से 31 तक के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए। गुठली बडी उत्सुक थी। जैसे-तैसे पूजा-पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। वह ताऊजी के पास जाकर बोली, " देखिए, भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ?" ताऊजी बोले, " भूला नहीं है रे ...अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" |

30. **' मुँह उतर गया '**– इसका मतलब क्या है ? 1

(क) उदास हो गया (ख) खुश हो गया (ग) नाराज़ हो गया (घ) चकित हो गया

31. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। 4